बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या : 17–प्रशिक्षण संस्थान भवन (आरक्षण)–309 / 2019 2661

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
वीरचन्द पटेल पथ
बिहार पटना।

पटना, दिनांक-06-09-2021

विषय :– राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के छात्रावास के कमरों / प्रशिक्षण हॉल को सरकारी कार्य हेतु अन्य विभागों / सरकारी उपक्रमों के लिए आरक्षण का दर निर्धारण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय अन्तर्गत निर्मित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के छात्रावास के कमरों / प्रशिक्षण हॉल को सरकारी कार्य हेतु अन्य विभागों / सरकारी उपक्रमों को आवंटित / आरक्षित किये जाने की स्थिति में कमरों / प्रशिक्षण हॉल का दर निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है :–

क्र0सं0	कक्ष / हॉल आरक्षण	आरक्षण की दर
1.	छात्रावास कमरा (Twin Single Bed in a Room)	**300.00 (तीन सौ) रूपये प्रति कमरा प्रतिदिन।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कर्मियों एवं पदाधिकारियों के सरकारी प्रयोजन हेतु आवासन पर
		700.00 (सात सौ) रूपये प्रति कमरा प्रतिदिन। अन्य विभागों एवं सरकारी उपक्रमों के कर्मियों एवं पदाधिकारियों के सरकारी प्रयोजन हेतु आवासन पर
2.	प्रशिक्षण कक्ष (उपकरणों से सुसज्जित)	**28000.00 (अठाइस हजार) रूपये प्रति हॉल प्रतिदिन।** सरकारी विभागों (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को छोड़कर) एवं सरकारी उपक्रमों के लिए सरकारी कार्य हेतु।
3.	प्रशासनिक भवन का सभा कक्ष (उपकरणों से सुसज्जित)	**13000 (तेरह हजार) रूपये प्रतिदिन।** सरकारी विभागों (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को छोड़ कर) एवं सरकारी उपक्रमों के लिए सरकारी कार्य हेतु।

2. राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के कमरों / प्रशिक्षण हॉल इत्यादि का आरक्षण सिर्फ अन्य विभागों एवं सरकारी उपक्रमों को सरकारी कार्यो के लिए ही किया जाएगा।

कृ0पृ0उ0

3. राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना से आवासन/आरक्षण मद में प्राप्त होने वाली राशि को राज्य के समेकित निधि में मुख्य शीर्ष 0059–लोक निर्माण कार्य, उप मुख्य शीर्ष–01–कार्यालय भवन, लधुशीर्ष–011–किराया, उपशीर्ष–0001–किराया के अन्तर्गत विपत्र कोड R0059010110001 एवं विषय शीर्ष 0005–किराया शीर्ष में जमा किया जाएगा।

4. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 6/9/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–प्रशिक्षण संस्थान भवन (आरक्षण)–309/2019 2661 पटना, दिनांक: 06-09-2021

प्रतिलिपि :– अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना/गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार पटना को अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि प्रकाशित गजट की एक हजार प्रति निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–प्रशिक्षण संस्थान भवन (आरक्षण)–309/2019 2661 पटना, दिनांक: 06-09-2021

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी विभागाध्यक्ष, बिहार/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार/सभी समाहर्त्ता (बिहार)/सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–7/सभी अनुमण्डलाधिकारी, बिहार/सभी अंचलाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–प्रशिक्षण संस्थान भवन (आरक्षण)–309/2019 2661 पटना, दिनांक: 06-09-2021

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–प्रशिक्षण संस्थान भवन (आरक्षण)–309/2019 2661 पटना, दिनांक: 06-09-2021

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी आई0टी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय तथा निदेशालय के बेवसाईट पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
1/9/21